इंजीनियरिंग प्रोजेक्ट्स (इंडिया) लि.
(भारत सरकार का उद्यम)
राजभाषा प्रभाग, कॉर्पोरेट कार्यालय

डीएलआई/राजभाषा/पखवाड़ा-14 28 जुलाई, 2025

# परिपत्र

**विषयः कॉर्पोरेट तथा क्षेत्रीय एवं साइट कार्यालयों के लिए संयुक्त रुप से हिंदी दिवस/सप्ताह/पखवाडा–2025 का आयोजन करने के संदर्भ में।**

**संदर्भः गृह मंत्रालय, भारत सरकार, राजभाषा विभाग की वेबसाइट के पत्र संख्या ई–13011/1/2018–हिंदी, भारत सरकार, भारी उद्योग मंत्रालय दिनांक 08 जुलाई, 2025 के अनुसार हिंदी पखवाडा समारोह का आयोजन करने के लिए निर्देश जारी किया गया है।**

उपरोक्त संदभीय विषय के अनुसार गृह मंत्रालय, राजभाषा विभाग के पत्र सं. ख्या ई–13011/1/2018–हिंदी, भारत सरकार, भारी उद्योग मंत्रालय दिनांक 08 जुलाई, 2025 में दिए गए निदेशानुसार भारत सरकार की राजभाषा नीति के अनुपालन हेतु ईपीआई कॉर्पोरेट कार्यालय तथा क्षेत्रीय एवं साइट कार्यालयों में वर्ष–2025 में हिंदी पखवाडा समारोह का आयोजन करना अपेक्षित है।

भारत सरकार के राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय द्वारा 14 सितंबर को/से हिंदी दिवस/सप्ताह/पखवाडा मनाने के अनुदेश भी अनिवार्य होते हैं। ईपीआई कॉर्पोरेट कार्यालय तथा क्षेत्रीय एवं साइट कार्यालयों के लिए संयुक्त रुप से इस वर्ष भी 17 सितंबर, 2025 से 30 सितंबर, 2025 तक हिंदी पखवाडा मनाया जाएगा, जिसमें हिंदी से संबंधित विविध प्रतियोगिताओं यथा हिंदी कहानी लेखन, हिंदी टिप्पण व घोषवाक्य, हिंदी अनुवाद, हिंदी कविता पाठ, हिंदी प्रतिज्ञावाचन एवं राष्ट्रुभाषा हिंदी से संबंधित प्रतिज्ञा वाचन, महा प्रबंधक व उच्च अधिकारियों के लिए प्रतियोगिता एवं ईपीआई परिवार के विवाहितियों एवं बच्चों के लिए चित्रकला/कविता पाठ/संगीत कुर्सी (Musical chair) आदि रखी जाएंगी तथा इस अवसर पर हिंदी कार्यशाला का भी आयोजन अनिवार्य रुप से किया जाएगा। (प्रति संलग्न है)

इस वर्ष हिंदी पखवाडा समारोह–2025 संयुक्त रुप से मनाया जा रहा है जिसमें समस्त क्षेत्रीय एवं साइट कार्यालयों में कार्यरत अधिकारी/कर्मचारी ऑनलाइन/ऑफलाइन भाग लेंगे इसके लिए दी गई प्रतियोगिता के दिन ऑनलाइन लिंक समय पर दिया जाएगा। अतः समस्त क्षेत्रीय एवं साइट कार्यालयों के कर्मचारियें से अनुरोध है कि कृपया दी गई कार्यक्रमावली के अनुसार अपना नामांकन 14 अगस्त, 2025 तक राजभाषा प्रभाग में देने का कष्ट करें।

इस संबंध में किसी भी प्रकार की जानकारी के लिए कृपया कॉर्पोरेट कार्यालय के राजभाषा अनुभाग से संपर्क करें। आपके सहयोग हेतु राजभाषा प्रभाग में समन्वय रखें। उपरोक्त समारोह का आयोजन अनिवार्य रुप से किया जा रहा हैं, ताकि संसदीय राजभाषा समिति/भारी उद्योग मंत्रालय की समिति/नराकास समिति को यथोचित रिपोर्ट भेजी जा सके। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले प्रत्येक अधिकारी/कर्मचारी को टोकन पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा तथा सहभागिता प्रमाणपत्र भी प्रदान किया जाएगा।

सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदन से जारी।

डॉ.म.शं.गवई 28/7/25

(डॉ.मनीष शंकरराव गवई)
प्रबंधक(राजभाषा)
एवं सदस्य सचिव, रा.का.सं.

समस्त प्रभागाध्यक्ष
समस्त क्षेत्रीय कार्यालय कोलकाता/मुम्बई/चेन्नई/नई दिल्ली/गुवाहाटी
समस्त साइट प्रभारी
समस्त राजभाषा नोडल अधिकारी
सूचनार्थ मा. अध्यक्ष–सह–प्रबंध निदेशक कार्यालय/मा. निदेशक परियोजनाएं कार्यालय/मा. निदेशक वित्त कार्यालय/अध्यक्ष, रा.का.सं.
सूचना प्रौद्योगिकी प्रभाग (वेबसाइट में डालने हेतु)

संलग्नक–1

**हिंदी पखवाडा समारोह–2025 में आयोजित किए जाने वाले कार्यक्रम की सूची**

**नोट– यह प्रतियोगिताएं समस्त कॉर्पोरेट तथा क्षेत्रीय एवं साइट कार्यालयों के अधिकारी/कर्मचारियों के लिए होगी।**

| कमांक | कार्यक्रम का ब्यौरा | दिनांक, दिन व समय |
|---|---|---|
| 1. | राजभाषा कार्यान्वयन समिति की त्रैमासिक बैठक एवं नोडल अधिकारियों की हिंदी पखवाडा नियोजन बैठक | **08.09.2025** (सोमवार) (समय 3 बजे से 4 बजे तक) |
| 2. | हिंदी पखवाडा समारोह–2025 तथा पुस्तक प्रदर्शनी का राष्ट्रभाषा हिंदी से संबंधित प्रतिज्ञा वाचन एवं हिंदी पखवाडा–2025 उद्घाटन समारोह समारोह | **17.09.2025** (बुधवार) (समय 3 बजे से 4 बजे तक) |
| 3. | कहानी लेखन प्रतियोगिता | **19.09.2025** (शुक्रवार) (समय 3 बजे से 4 बजे तक) |
| 4. | महा प्रबंधक व उच्च अधिकारियों के लिए प्रतियोगिता (हिंदी घोषवाक्य/हिंदी टिप्पण लेखन प्रतियोगिता) | **22.09.2025** (सोमवार) (समय 3 बजे से 4 बजे तक) |
| 5. | हिंदी अनुवाद प्रतियोगिता | **24.09.2025** (बुधवार) (समय 3 बजे से 4 बजे तक) |
| 6. | हिंदी कविता पाठ प्रतियोगिता | **26.09.2025** (शुक्रवार) (समय 3 बजे से 4 बजे तक) |
| 7. | ईपीआई परिवार के विवाहितियों एवं बच्चों के लिए चित्रकला/कविता पाठ/संगीत कुर्सी (Musical chair) /अंताक्षरी प्रतियोगिता का आयोजन | **27.09.2025** (शनिवार) (समय 1 बजे से 3 बजे तक) |
| 8. | हिंदी कार्यशाला का आयोजन | **30.09.2025** (मंगलवार) (समय 3 बजे से 4 बजे तक) |
| 9. | हिंदी पखवाडा–2025 के प्रतियोगिता का पुरस्कार वितरण, हिंदी प्रतिभा पुरस्कार तथा नकद पुरस्कार वितरण | तिथि निर्धारण के पश्चात अवगत किया जाएगा। |

नोट – **प्रतियोगिता में भाग लेने वाले प्रत्येक अधिकारी/कर्मचारी को टोकन पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा तथा सहभागिता प्रमाणपत्र भी प्रदान किया जाएगा।**

डॉ.म.शेरावत 28/7/25